# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस नोट,जनपद फतेहपुर

दिनांक 29.08.2026

**थाना खखरेरू पुलिस द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से 02 शातिर बकरी चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 बकरियां एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी खागा के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 28.08.2026 को थाना खखरेरू पुलिस द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से थाना खखरेरू क्षेत्रांतर्गत ग्राम गुरगौला जयरामपुर से 02 शातिर चोरों को क्रमश: 1. राज रामसागर निर्मल पुत्र रामसागर भोला प्रसाद निर्मल निवासी बहलोलपुर ऐलई थाना खागा, जनपद फतेहपुर उम्र करीब 25 वर्ष 2. बृजेश कुमार पुत्र राजबहादुर निवासी बहलोलपुर ऐलई, थाना खागा, जनपद फतेहपुर उम्र करीब 18 वर्ष को चोरी की 02 बकरियां एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना खखरेरू पर मु0अ0सं0-173/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों को आज दिनांक 29.08.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.राज रामसागर निर्मल पुत्र रामसागर भोला प्रसाद निर्मल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी बहलोलपुर ऐलई थाना खागा, जनपद फतेहपुर

2.बृजेश कुमार पुत्र राजबहादुर उम्र करीब 18 वर्ष निवासी बहलोलपुर ऐलई, थाना खागा, जनपद फतेहपुर

**बरामदगी का विवरणः—**

1.चोरी की दो बकरियां

2.घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल **(धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज)**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 अमित कुमार शर्मा, थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर।

2. उ0नि0 विशाल यादव 3. हे0का0 पवन कुमार 4. रि0का0 अविनाश पटेल